हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

**तापमान**
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 19.4 डिग्री

**शहर में आज**
- दमकल केंद्र के बाहर कर्मचारियों का धरना।
- सेवानिवृत कर्मचारियों का प्रदर्शन।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।

## खबर संक्षेप

### मदविः एमएड के परीक्षा परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने दिसंबर 2025 में आयोजित एम.एड. (मास्टर ऑफ एजुकेशन) और एमएड स्पेशल एजुकेशन (इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटी) के विभिन्न सेमेस्टरों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि एमएड स्पेशल एजुकेशन के तृतीय सेमेस्टर (फ्रेश व री-अपीयर) तथा चतुर्थ सेमेस्टर (री-अपीयर) और एम.एड. कोर्स के तृतीय सेमेस्टर तथा तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर (री-अपीयर) की परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। छात्र अपने परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** रोहतक में सीआईए-1 स्टाफ पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी सुमित, निवासी नेहरू कॉलोनी से एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस टीम सब-इंस्पेक्टर प्रवीण के नेतृत्व में मिल्क प्लांट चौक, गोहाना रोड क्षेत्र में गश्त कर रही थी। सूचना के आधार पर सीएम फार्म हाउस रोड के पास संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। थाना पुरानी सब्जी मंडी में मामला दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश किया गया। पुलिस अब उससे पूछताछ कर हथियार की सप्लाई और नेटवर्क की जांच कर रही है।

### भालोठ हत्याकांड में एक और आरोपी पकड़ा




**रोहतक।** गांव भालोठ में स्टेडियम के पास युवक विकास की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी समेत कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। थाना आईएमटी प्रभारी उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार के अनुसार, 9/10 अप्रैल की रात हुई वारदात के बाद मृतक के पिता रमेश की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घायल अवस्था में विकास को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जांच के दौरान पुलिस ने 19 अप्रैल को आलोक और अमित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आलोक ने गोली चलाई, जबकि अमित ने हथियार उपलब्ध कराया था। दोनों के बीच पुरानी रंजिश सामने आई है।

## सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी ने दिए थे पेड़ नहीं काटने के आदेश

# काटने पर रोक तो जलाने की साजिश

## सेक्टर 6 में 38 एकड़ में फैला है बाग, पहले काटे थे सैकड़ों पेड़



- 2 अप्रैल को एचएसवीपी ने जेसीबी से उखाड़े थे पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-6 स्थित 38 एकड़ में फैले बाग में दोपहर को अचानक आग लग गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग की सूचना मिलने पर आप के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नवीन जयहिंद मौके पर पहुंचे और अधिकारियों पर साजिश के तहत आग लगाने के आरोप लगाए। सेक्टर-6 स्थित बाग में 2 अप्रैल को एचएसवीपी ने जेसीबी मंगवाकर कुछ पेड़ों को उखाड़ा गया था। लेकिन शाम को एनजीटी कोर्ट द्वारा स्टे देने के बाद कार्रवाई को रोका गया। अब उसी बाग में खड़े हरे-भरे पेड़ों में आग लगाई गई, जिसके कारण 4 से 5 एकड़ जमीन में खड़े पेड़ जल गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। राजबीर सिंह ने बताया कि बाग की जमीन उनकी है। वह खाना खाने के लिए घर गए थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने उन्हें फोन किया कि उनके बाग में आग लग गई है। वह मौके पर पहुंचे तो बाग में आग लगी हुई थी। 5 एकड़ जमीन में खड़े पेड़ जल रहे थे। इसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, जिसने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। राजबीर सिंह ने आरोप लगाया कि 38 एकड़ जमीन पर प्राकृतिक वन खड़ा है, इसलिए अधिकारी इस जमीन पर विकास करवाना चाहते हैं। पहले पेड़ काटने का प्रयास किया गया लेकिन जब कामयाब नहीं हुए तो आग लगाकर जलाने की साजिश की। उन्होंने कहा आज तक बाग में आग नहीं लगी, अब अचानक कैसे लगी।

### एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन किया

नवीन जयहिंद ने कहा कि हरियाणा एंड पंजाब हाईकोर्ट ने कहा था कि एक पेड़ भी हरियाणा में नहीं कटना चाहिए, क्योंकि पेड़ों की सर्वाधिक कमी यहां पर है। हाईकोर्ट ने पेड़ कटाई रोकने के लिए आदेश भी जारी किए थे। इसके बाद अधिकारियों ने यहां लगाए गए पेड़ काट दिए। एनजीटी कोर्ट ने भी आदेश दिए हुए हैं कि मई तक कोई भी काम यहां नहीं करवाया जा सकेगा। लेकिन आज हरे भरे पेड़ों को जिंदा जला दिया गया

## रिठाल गांव में जेठ ने छोटे भाई की पत्नी को दरात से काटकर मार डाला

# जानलेवा बना डांस

### पड़ोसियों के घर लेडीज संगीत में नाचते देख आग बबूला हुआ जेठ

**छोटी-छोटी बातों पर करता था झगड़ा, पिछले माह भात में जाने को लेकर भी दी थी धमकी**

**आरोपी के मन में लगातार बढ़ रही नाराजगी और गुस्सा बना खौफनाक घटना की वजह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के रिठाल गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक सामान्य पारिवारिक खुशी का माहौल उस समय मातम में बदल गया, जब लेडीज संगीत में डांस कर घर लौटी महिला की उसके ही जेठ ने दरात से हमला कर हत्या कर दी। इस सनसनीखेज वारदात ने रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर दिया है। घटना रविवार रात की है, जब गांव में पड़ोसियों के यहां शादी का कार्यक्रम चल रहा था। लेडीज संगीत के अवसर पर 39 वर्षीय प्रवेश भी आमंत्रण पर वहां पहुंची थी। कार्यक्रम में अन्य महिलाओं के साथ उसने भी डांस किया। माहौल खुशियों से भरा हुआ था, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह खुशी कुछ ही देर में खून-खराबे में बदल जाएगी। बताया जा रहा है कि प्रवेश का जेठ जसबीर फोगाट उसके डांस करने से नाराज था। जैसे ही प्रवेश कार्यक्रम से लौटकर घर पहुंची, जसबीर ने उससे इस बात को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर उसने घर में रखी दरात उठा ली और प्रवेश पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।



मृतक प्रवेश





रोहतक। मौके पर जांच करते डीएसपी व एसएफएल टीम डॉ.सरोज दहिया। पीजीआई के डेड हाउस में परिजनों से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

### घबराए बच्चे ने मामा को फोन कर दी सूचना

हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिससे घर में भय और सन्नाटा छा गया। कुछ समय बाद जब बेटे हितेश की नींद खुली, तो उसने अपनी मां प्रवेश को खून से लथपथ जमीन पर पड़ा देखा। यह मंजर देख वह घबरा गया और तुरंत अपने मामा को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में प्रवेश को उपचार के लिए पीजीआई रोहतक लेकर गए। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने उसे बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए, लेकिन अत्यधिक खून बह जाने और गहरे घावों के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिजनों में मातम छा गया।

### परिजन बोले, यह हत्या की सुनियोजित साजिश

प्रवेश की मौत के बाद परिवार में गहरा शोक और आक्रोश का माहौल है। मायके पक्ष ने इस वारदात को महज गुस्से में उठाया गया कदम मानने से इनकार करते हुए इसे सुनियोजित साजिश बताया है। मृतका के भाई सोमदास ने आरोप लगाया कि उनकी बहन को पहले भी कई बार जान से मारने की धमकियां दी जा चुकी थीं। उन्होंने बताया कि आरोपी जसबीर फोगाट अक्सर प्रवेश के सामाजिक कार्यक्रमों में जाने का विरोध करता था और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करता रहता था। खासकर पिछले महीने 'भात' कार्यक्रम में जाने को लेकर भी उसने गंभीर धमकी दी थी। परिजनों का कहना है कि अगर उस समय इन धमकियों को गंभीरता से लिया जाता, तो शायद यह घटना टाली जा सकती थी। अब परिवार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग कर रहा है।

### सामाजिक कार्यक्रमों में जाने पर भी आपत्ति जताता था जसबीर

परिजनों के अनुसार, आरोपी जसबीर फोगाट लंबे समय से प्रवेश के रहन-सहन और उसके सामाजिक जीवन को लेकर नाराजगी जताता था। वह अक्सर उसके घर से बाहर जाने, पड़ोस या रिश्तेदारी में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने और सामान्य व्यवहार तक पर आपत्ति करता था। इस बात को लेकर घर में कई बार कहासुनी और झगड़े भी हुए, लेकिन हर बार परिवार के बड़े-बुजुर्गों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवा दिया। हालांकि, इन छोटे-छोटे विवादों ने धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लिया। परिजनों का कहना है कि आरोपी के मन में लगातार बढ़ रही नाराजगी और गुस्सा ही इस खौफनाक घटना की वजह बना। इस बार कोई बीच-बचाव नहीं हो सका और मामूली लगने वाला विवाद हिंसक रूप लेकर जानलेवा साबित हुआ, जिससे पूरे परिवार की जिंदगी बदल गई

### मुंह, छाती, पेट व हाथों पर किए कई वार

परिवार के अनुसार, जसबीर ने बेहद बेरहमी से प्रवेश के मुंह, छाती, पेट और हाथों पर कई वार किए। हमले की तीव्रता इतनी अधिक थी कि महिला लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। उस समय घर में उसके तीनों बच्चे शनाया, हितेश और श्रेया सो रहे थे, जबकि उसका पति सुखबीर और सास घर पर मौजूद नहीं थे।

### 16 साल पहले हुई थी शादी

प्रवेश की शादी करीब 16 साल पहले रिठाल गांव निवासी सुखबीर के साथ हुई थी। सुखबीर खेती का काम करता है। परिवार में तीन बच्चे हैं, जो अभी स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। मां की मौत के बाद बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है और पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### पुलिस लगातार दे रही दबिश

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घिलौड़ चौकी इंचार्ज मुकेश के अनुसार, मायके पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

## अब पीजीआईएमएस में सख्ती

# ओपीडी में दवा प्रतिनिधि दिखे तो अब खैर नहीं

**जो दवा पीजीआईएमएस में उपलब्ध नहीं है वह बाहर की लिख सकते हैं चिकित्सक**

- ग्राउंड फ्लोर पर ब्लड जांच के लिए सैंपलिंग भी शुरू
- नई व्यवस्था से मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआईएमएस में व्यवस्था सुधारने के लिए सख्ती बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के हालिया निरीक्षण के बाद संस्थान प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण फैसले लागू किए हैं। खासतौर पर ओपीडी (आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) में दवा प्रतिनिधियों (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स) की एंट्री पर कड़ा प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब यदि कोई दवा प्रतिनिधि ओपीडी के दौरान डॉक्टरों से मिलता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि एमआर केवल ओपीडी खत्म होने के बाद ही डॉक्टरों से मिल सकते हैं। इस कदम का उद्देश्य मरीजों को बेहतर और निर्बाध चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है, क्योंकि ओपीडी समय के दौरान डॉक्टरों का पूरा ध्यान मरीजों पर केंद्रित रहना चाहिए। आरती राव के दौरे के दौरान ओपीडी में कई खामियां सामने आई थीं।

### अलर्ट मोड में संस्थान हो रही निगरानी

मंत्री के निर्देशों के बाद अब अस्पताल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है और व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने सफाई न होने, एक दिन में जांच रिपोर्ट न मिलने, काउंटर पर भीड़ लगने और ब्लड जांच के लिए अलग-अलग काउंटर न होने पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के आदेश दिए थे।

### जेनेरिक दवाएं लिखने के निर्देश

अस्पताल प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि डॉक्टर वही दवाएं प्राथमिकता से लिखें जो पीजीआईएमएस में उपलब्ध हैं। हालांकि, यदि कोई जरूरी दवा अस्पताल में उपलब्ध नहीं है, तो डॉक्टर उसे बाहर से लिख सकते हैं। इस निर्णय का उद्देश्य मरीजों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ कम करना और सरकारी सुविधाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है। साथ ही जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### ब्लड सैंपलिंग की नई व्यवस्था शुरू

मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब ग्राउंड फ्लोर पर ही ब्लड जांच के लिए सैंपलिंग की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। पहले मरीजों को अलग-अलग विभागों में भटकना पड़ता था, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की बर्बादी होती थी। नई व्यवस्था से मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### बेहतर उपचार देना प्राथमिकता



मरीजों को बेहतर उपचार देना हमारी प्राथमिकता है। पीजीआईएमएस में लागू की गई नई सख्ती से मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं मिलेंगी, वहीं डॉक्टरों और स्टाफ के बीच जिम्मेदारी का भाव भी बढ़ेगा। एमआर को ओपीडी समय में डॉक्टरों से मिलने पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा ब्लड जांच के लिए अलग काउंटर शुरू किया गया है। -डॉ. एसके सिंघल, निदेशक पीजीआईएमएस रोहतक

## जिले के 15 कॉलेजों में 16297 सीटों पर होंगे दाखिले

**उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किया शेड्यूल**

# 7 से 31 तक होंगे ऑनलाइन आवेदन, 8 जून को प्रारंभिक और 11 को पहली फाइनल मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिले का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गई है, जिससे विद्यार्थी घर बैठे आवेदन कर सकेंगे। विभाग ने शेड्यूल के साथ ही सभी सरकारी और निजी कॉलेजों को दाखिला प्रक्रिया के संबंध में कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिले के 15 कॉलेजों में लगभग 16297 सीटों पर दाखिले होंगे। नेकीराम गवर्नमेंट कॉलेज में सबसे ज्यादा में 2612 सीट है। शेड्यूल के मुताबिक, कॉलेजों में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी 7 मई से 31 मई तक ऑनलाइन पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकेंगे। यदि आवेदन फॉर्म भरते समय कोई त्रुटि हो जाती है, तो उसमें 1 जून तक सुधार (एडिट) करने का विकल्प दिया गया है। 2 जून को सभी आवेदकों की सूची जारी की जाएगी, जिसमें छात्र अपनी आपत्तियां देख सकेंगे। 9 मई से 6 जून तक कॉलेजों द्वारा दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। इसी दौरान छात्र अपनी आपत्तियों को ठीक करवा सकेंगे। 8 जून को पात्र अभ्यर्थियों की प्रारंभिक मेरिट सूची जारी होगी। 11 जून को पहली फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी (प्रोविजनल सूची 10 जून को आएगी)। इसके लिए फीस 12 से 15 जून तक जमा होगी। 17 जून को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी (प्रोविजनल सूची 16 जून को आएगी)। इसके लिए फीस 18 से 22 जून तक भरी जा सकेगी। दो मेरिट लिस्ट के बाद भी यदि सीटें खाली रहती हैं, तो तीसरे चरण में 24 जून को फिजिकल काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। नए पंजीकरण या पुराने फॉर्म में सुधार के लिए पोर्टल 25 जून को फिर से खोला जाएगा। इसके बाद 26 जून से 2 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ काउंसिलिंग प्रक्रिया चलेगी।




### दस्तावेजों का सत्यापन 9 मई से 6 जून तक

दस्तावेजों का सत्यापन 9 मई से 6 जून तक किया जाएगा। 8 जून को प्रारंभिक मेरिट सूची, 11 जून को पहली फाइनल मेरिट और 17 जून को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। फीस जमा करने की तिथियां भी निर्धारित कर दी गई हैं।

### जिले में कॉलेज और सीटें

| कॉलेज का नाम | कोर्स | सीटें |
|---|---|---|
| जाट कॉलेज रोहतक | 10 | 2708 |
| गौड ब्राह्मण डिग्री कॉलेज | 5 | 1252 |
| गवर्नमेंट कॉलेज जसिया | 2 | 324 |
| गवर्नमेंट कॉलेज महम | 5 | 1080 |
| गवर्नमेंट कॉलेज मोखरा | 1 | 162 |
| गवर्नमेंट कॉलेज सांपला | 2 | 324 |
| गवर्नमेंट कॉलेज लाखनमाजरा | 4 | 540 |
| गवर्नमेंट महिला कॉलेज रोहतक | 13 | 2426 |
| गवर्नमेंट महिला कॉलेज सांपला | 4 | 547 |
| महारानी किशोरी कॉलेज रोहतक | 5 | 940 |
| नेकीराम कॉलेज रोहतक | 16 | 2612 |
| लाल नाथ हिंदू कॉलेज रोहतक | 7 | 1370 |
| एसजेके कॉलेज कलानौर | 4 | 388 |
| वैश्य कॉलेज रोहतक | 5 | 944 |
| वैश्य महिला कॉलेज रोहतक | 4 | 680 |

### नीट परीक्षा 3 मई को 17 केंद्रों पर होगी प्रशासन अलर्ट

**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने 3 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर सोमवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न होनी चाहिए। जिले में परीक्षा के लिए 17 केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां सीसीटीवी, सुरक्षा जांच और बायोमेट्रिक जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से लागू की जाएंगी। लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक ऑफलाइन मोड में होगी, जबकि परीक्षार्थियों का प्रवेश सुबह 11 बजे से डेढ़ बजे तक रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी को सभी केंद्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# पारा 40° पार, बिजली कटौं ने भी छुड़वाए लोगों के पसीने

## दिल्ली बाइपास से डी-पार्क तक 3 घंटे का ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भीषण गर्मी के बीच तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऊपर से लगातार हो रही बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। सोमवार को शहर के प्रमुख इलाके दिल्ली बाइपास से लेकर डी-पार्क तक करीब साढ़े तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। सुबह 9 बजे शुरू हुआ यह कट दोपहर 12:30 बजे तक चला, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। सुबह का समय, जब लोग अपने दिन की शुरुआत करते हैं, किसी के लिए ऑफिस की तैयारी, बच्चों के लिए पढ़ाई, तो किसी के लिए घरेलू कामकाज उसी समय बिजली गुल हो जाने से पूरा सिस्टम जैसे ठप पड़ गया। घरों में पानी की टंकियां खाली रह गईं और इनवर्टर भी जवाब दे गए।



फाल्ट ठीक करते बिजली कर्मचारी।

### हर साल यही कहानी

देव कॉलोनी के लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। जैसे ही गर्मी बढ़ती है, बिजली व्यवस्था डगमगाने लगती है। कई इलाकों में ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ने से उनके फुंकने की घटनाएं आम हो जाती हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली निगम हर साल गर्मी से पहले पर्याप्त तैयारी नहीं करता, जिससे अचानक ऐसी स्थितियां पैदा हो जाती हैं।

### शहरवासी दोहरी मार झेलने को मजबूर

फिलहाल, रोहतक के लोग गर्मी और बिजली कटौती की दोहरी मार झेल रहे हैं। एक ओर बढ़ता तापमान, दूसरी ओर अनियमित बिजली आपूर्ति दोनों मिलकर लोगों के धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। अब सभी की नजरें बिजली निगम पर टिकी हैं कि वह कितनी जल्दी व्यवस्था को स्थिर कर पाता है। आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है। सवाल साफ है क्या इस बार भी गर्मी के साथ बिजली संकट यूं ही चलता रहेगा, या कोई स्थायी समाधान निकलेगा।

### बिजली निगम की सफाई

बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार, यह कटौती मरम्मत कार्य के चलते की गई थी। निगम का कहना है कि लाइन और ट्रांसफॉर्मरों में आई तकनीकी खामियों को दूर करना जरूरी था, ताकि भविष्य में बड़ी समस्या से बचा जा सके। हालांकि, लोगों का सवाल है कि इस तरह के काम के लिए पहले से सूचना क्यों नहीं दी जाती, ताकि वे अपनी तैयारी कर सकें। मरम्मत कार्य के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित रह सकती है।

### पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के नेतृत्व में बहनों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस के खिलाफ सड़कों पर उतरी महिलाएं

**भाजपा कार्यकर्ता और महिलाएं पूर्व मंत्री ग्रोवर के कैंप ऑफिस पर हुए एकत्रित, पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा की कोठी तक किया प्रदर्शन**

**महिलाएं बोली-कांग्रेस ने करोड़ों नारियों के साथ किया है धोखा, भारत में नारी शक्ति को हमेशा से पूजा जाता रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- कांग्रेस का पुतला फूंककर की नारेबाजी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व सहकारिता शहरी निकाय राज्य मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा द्वारा महिला आरक्षण के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के निवास स्थान के बाहर कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंका और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने हाथों पर काली पट्टियां बांधकर कांग्रेस के प्रति विरोध जताया।

दिल्ली रोड स्थित कैंप कार्यालय में महिलाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी की है और महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ लेने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब-जब महिलाओं के हित में बड़े फैसले लेने का समय आया, तब कांग्रेस ने या तो देरी की या फिर कमजोर रुख अपनाया। संसद में जिस दिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 लाया गया, उस दिन देश की करोड़ों बहनों के हितों का ख्याल रखते हुए कांग्रेस को इस बिल का समर्थन करना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस ने अपना दोहरा चरित्र देश की जनता के सामने रखने का काम किया है। भारत में नारी शक्ति को हमेशा पूजा जाता रहा है। आने वाले समय में नारी शक्ति कांग्रेस को कड़ा सबक सिखाएगी। कलानौर से पूर्व विधायक सरिता नारायण, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सुमन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपू नागपाल ने भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इसके विपरीत, कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड महिलाओं के खिलाफ फैसलों और उनकी अनदेखी से भरा रहा है।



रोहतक। प्रदर्शन करते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व अन्य महिलाएं। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। डी पार्क स्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के निवास स्थान के पास कांग्रेस का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।


रोहतक। डी पार्क स्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के निवास स्थान के पास रोड पर बैठे कर प्रदर्शन करते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व अन्य कार्यकर्ता।

**माफी मांगे कांग्रेस**

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने मांग की कि कांग्रेस अपने पिछले रुख पर देश की महिलाओं से माफी मांगे और महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्पष्ट और सकारात्मक रुख अपनाए। अंत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने हाथों पर काली पट्टियां बांधकर डी पार्क स्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के निवास स्थान के बाहर कांग्रेस का पुतला फूंका और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारे लगाए।

**ये रहे शामिल**

प्रदर्शन में मार्केट कमेटी अध्यक्ष अशोक चौधरी, ब्लॉक समिति चैयरमेन खुशीराम हुड्डा, महम ब्लॉक समिति चैयरमेन नवनीत राठी, पार्षद मुक्ता नागपाल, पार्षद डिंपल जैन, पार्षद अनीता मिगलानी, पार्षद बेबी रानी रोहिल्ला, पार्षद अंजू सैनी, पार्षद रिंकू, पार्षद ज्योति, मंडल अध्यक्ष रॉकी सहगल, मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, पार्षद कपिल नागपाल, पार्षद सुरेश किराड़, पार्षद विजेंद्र बैरागी, पार्षद कंचन खुराना, पार्षद कृष्णा नरेश, पवन आहूजा, पंकज आनंद, दीपू नागपाल, अनिल नांदल, सुभाष सैनी आदि मौजूद रहे।



**छात्राओं को मिलेंगी बेहतर शैक्षिक सुविधाएं**

## कलानौर में राजकीय कन्या स्कूल के नए भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में नव-निर्मित विद्यालय भवन का भव्य उद्घाटन समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या सुनीता और विद्यालय प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में पूरे स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक और नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार फौजी ने शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में खंड शिक्षा अधिकारी संजय हुड्डा, जिला गणित विशेषज्ञ दीपक अरोड़ा, प्राचार्य सुरेन्द्र लाकड़ा और विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रधान रेनू भी उपस्थित रहीं। समारोह का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना और हवन के साथ किया गया, जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक और आध्यात्मिक वातावरण बना। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया और विद्यालय को समर्पित किया। जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि यह आधुनिक भवन छात्राओं को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करेगा और उनके सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाएगा। वहीं नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार फौजी ने छात्राओं को अनुशासन, परिश्रम और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

**बेहतर सीखने का माहौल मिलेगा**

खंड शिक्षा अधिकारी संजय हुड्डा ने जानकारी दी कि नए भवन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कक्षाएं, स्वच्छ वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अनुकूल संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर सीखने का माहौल मिलेगा। विद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या सुनीता और प्रभारी अमित कुमार ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षा विभाग, स्थानीय प्रशासन और सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह भवन छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 150 से अधिक रेहड़ी और छोटे विक्रेताओं को निगम ने दिए 15 से 50 हजार तक के ऋण

- 8 से 18 अप्रैल के बीच शहर के बैंकों में लगाए गए लोन कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत शहर में व्यापक स्तर पर लोन कैंप आयोजित कर 150 से अधिक रेहड़ी-फड़ी एवं छोटे स्वरोजगार से जुड़े विक्रेताओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल 2026 से 18 अप्रैल 2026 तक शहर की पंजाब नेशनल बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं में विशेष लोन कैंप लगाए गए। इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य रेहड़ी-फड़ी संचालकों और छोटे व्यापारियों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना था। कैंपों के दौरान पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार 15 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक के ऋण स्वीकृत कर वितरित किए गए। जइस पहल से लाभार्थियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलने की उम्मीद है। आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत रेहड़ी-फड़ी संचालकों को 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार रुपये तक के लोन की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही समय पर ऋण चुकाने पर 9 प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी का भी प्रावधान किया गया है।

## एमडीयू में इनसाइटफुल रिसर्च पर एक दिवसीय कार्यशाला

- 140 छात्रों ने लिया भाग




रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की विवेकानंद लाइब्रेरी ने चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज व रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के सहयोग से इंसाइटफुल रिसर्च: लाइब्रेरी रिसोर्सेज के साथ सीएमआईई डाटाबेस का एकीकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। लाइब्रेरियन डॉ. सतीश कुमार मलिक ने बताया कि वाणिज्य व अर्थशास्त्र विभाग के 140 से अधिक शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने भाग लिया। डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. सीमा रानी ने उपलब्ध ज्ञान संसाधनों पर जानकारी दी। कार्यशाला संयोजक सूचना वैज्ञानिक डॉ. सुंदर सिंह तंवर ने एमडीयू ई लाइब्रेरी के उपयोग पर जोर देते हुए इसे शोध के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म बताया, जो ई-बुक्स व ई-जर्नल्स तक कहीं भी, कभी भी पहुंच देता है। सीएमआईई के सागर चौधरी ने प्रोवेस व स्टेटस ऑफ इंडिया डाटाबेस का डेमो देते हुए बताया कि ये टूल्स कंपनियों के वित्तीय डेटा और राज्यों के सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों के विश्लेषण में बेहद उपयोगी हैं।

## तेज रफ्तार का कहर : गोहाना अड्डे पर डिवाइडर से टकराई कार, बड़ा हादसा टला

- मोड के पास तेज होने के कारण नहीं बना पाया संतुलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गोहाना अड्डे पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सोमवार देर रात एक कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और चालक को मामूली चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार काफी तेज गति में थी और अचानक मोड़ के पास चालक संतुलन नहीं बना सका। इसके चलते वाहन डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत चालक को कार से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। लोगों का कहना है कि गोहाना अड्डा क्षेत्र में यह पहला हादसा नहीं है। यहां पहले भी कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों के अनुसार, सड़क का डिजाइन, तेज रफ्तार और ट्रैफिक व्यवस्था की कमी इन हादसों का मुख्य कारण बन रही है। कई बार प्रशासन से स्पीड ब्रेकर, सिग्नल और सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शिविरों में शिकायतों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करें : उपायुक्त




रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। लघु सचिवालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त ने स्वयं नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए निर्धारित समयसीमा में शिकायतों का समाधान करें। उपायुक्त ने बताया कि शिकायतों के स्थायी समाधान के लिए कॉलिंग सेल भी स्थापित किया गया है, जो मामलों की निगरानी करेगा। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना है।

## नेकीराम कॉलेज में मेटावर्स इंटर्नशिप वर्कशॉप में विद्यार्थियों ने सीखे डिजिटल युग के गुर

- साइबर सिक्योरिटी व वेबसाइट डेवलपमेंट पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता डायरेक्टर राकेश कुमार।

पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय में प्राचार्य सुरेंद्र सांगवान के नेतृत्व में द्वारा एक दिवसीय इंटर्नशिप वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की उभरती तकनीकों और व्यावहारिक कार्य-अनुभव से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे मेटावर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राकेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी और वेबसाइट डेवलपमेंट जैसी आधुनिक तकनीकों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी डिजिटल युग में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। करियर में सफलता पाने के लिए इन डिजिटल स्किल्स में विशेषज्ञता हासिल करना अब समय की मांग बन चुका है। राकेश कुमार ने कंपनी की ओर से पेश किए जा रहे ऑनलाइन और ऑफलाइन इंटर्नशिप प्रोग्राम्स की जानकारी साझा की।

### सड़क किनारे मिला शव, पहचान नहीं



सांपला। कस्बे के बस स्टैंड के पास स्थित एसएमपी स्कूल के नजदीक सोमवार को सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार राहगीरों ने एक व्यक्ति को सड़क किनारे बेसुध अवस्था में पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। ऐसे में मौत के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सके हैं और मामला संदिग्ध बना हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**न्यूज डायरी**

### पीसीआई कार्यक्रम में प्रो. दुरेजा ने एआई और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर रखे विचार


प्रो. हरीश दुरेजा

रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के डीन (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) एवं डीन (फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज) के डीन प्रो.हरीश दुरेजा ने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर स्थित कार्यालय में आयोजित कैप्सूल लीडरशिप प्रोग्राम में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संस्थागत ब्रांडिंग पर व्याख्यान दिया। प्रो.हरीश दुरेजा ने कहा कि एआई और डिजिटल टूल्स के उपयोग से शैक्षणिक व स्वास्थ्य संस्थानों में पारदर्शिता, कार्यक्षमता और वैश्विक पहचान को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने संस्थागत ब्रांडिंग को फार्मेसी शिक्षा की विश्वसनीयता बढ़ाने का अहम माध्यम बताया। कार्यक्रम में देशभर से आए लगभग 94 शिक्षाविदों और फार्मेसी विशेषज्ञों ने एआई के व्यावहारिक उपयोग, नियामक प्रक्रियाओं और भविष्य की नेतृत्व रणनीतियों पर सक्रिय चर्चा की।

### मदवि के रक्षा विभाग में ध्यान से तनाव मुक्त शिक्षा पर व्याख्यान 24 अप्रैल को

रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग की ओर से 24 अप्रैल को तनाव मुक्त शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए ध्यान विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी सिंह ने बताया कि डॉ. बी.आर. आंबेडकर राजकीय कॉलेज, कैथल की उप-प्राचार्या सुनीता अरोड़ा बतौर मुख्य वक्ता इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगी और विद्यार्थियों को ध्यान और मानसिक संतुलन के जरिए बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के गुर सिखाएंगी। यह कार्यक्रम सुबह 10:15 बजे विभाग में प्रारम्भ होगा।

### सैनिक स्कूल सिंहपुरा कलां के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा में रचा इतिहास



रोहतक। सैनिक स्कूल सिंहपुरा कलां ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो न केवल गर्व का विषय है, बल्कि क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक भी है। विद्यालय के कुल 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विशेष बात यह रही कि सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जो विद्यालय की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का प्रमाण है। इस वर्ष का सर्वोच्च अंक 95 प्रतिशत रहा, जिसने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रमुख विद्यार्थी -कनक 95 प्रतिशत, आशीष 90 प्रतिशत, शिवम 87 प्रतिशत, मधु 85 प्रतिशत, कृति 85 प्रतिशत। इनके अलावा 15 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक रेखा रानी ने कहा कि सैनिक स्कूल सिंहपुरा कलां का यह परिणाम न केवल विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि यह आने वाले वर्षों के लिए एक नई प्रेरणा और उच्च मानक भी स्थापित करता है। प्रधानाचार्य सुमन रानी तथा स्कूल कोऑर्डिनेटर आशा रानी ने इस शानदार सफलता पर सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी।

**'ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी लाइफ' विषय पर शिविर**

## विद्यार्थियों को दांतों और मसूड़ों की समुचित देखभाल के लिए किया प्रेरित



रोहतक (हरिभूमि न्यूज)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे दंत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी लाइफ' विषय पर स्थानीय हरकिशन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एक दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। पॉलीक्लीनिक की दंत चिकित्सक डॉ. पूर्णिमा अरोड़ा ने शिविर का संचालन करते हुए विद्यार्थियों को मुख स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी बच्चों के दांतों की जांच की। उपचार की आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को उपचार के लिए पॉलीक्लीनिक में रेफर किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मुख स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया, जो उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। लाइव डेमो के माध्यम से बच्चों को सही तरीके से टूथब्रश करने की विधि सिखाई गई तथा दिन में दो बार कम से कम दो मिनट तक ब्रश करने की सलाह दी गई। डॉ. अरोड़ा ने दांतों से संबंधित सामान्य समस्याओं जैसे कैविटी, पायरिया और मसूड़ों की सूजन से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में दांतों और मसूड़ों की समुचित देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।




### स्कॉलर्स रोजरी में मौखिक स्वास्थ्य पर जागरूकता शिविर

रोहतक। विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस की थीम ए हैप्पी माउथ, ए हैप्पी लाइफ के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेक्टर 3 स्थित पॉलीक्लीनिक की दंत चिकित्सक डॉ. पूर्णिमा अरोड़ा द्वारा स्कॉलर्स रोजरी ब्लॉसम्स स्कूल में मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. पूर्णिमा अरोड़ा ने कहा कि स्वास्थ्य मानव जीवन की सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति है, जिसमें मौखिक स्वास्थ्य का विशेष महत्व है। स्वस्थ दांत और मसूड़े न केवल चेहरे की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य को भी प्रभावित करते हैं। शिविर के दौरान डेंटल कैरीज विषय पर लघु फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को दांतों की देखभाल, बीमारी के कारण, बचाव पर जानकारी दी गई। सभी विद्यार्थियों के दांतों का निरीक्षण (चेक-अप) भी किया गया। निदेशक रवि गुनगानी एवं प्राचार्या प्रीति गुनगानी के सहयोग से शिविर का सफल आयोजन हुआ।

### बीमा पॉलिसी बंद होने का डर दिखाकर 3.58 लाख ठगे

सोनीपत। साइबर ठगों ने बीमा पॉलिसी बंद होने का डर दिखाकर एक सेवानिवृत्त व्यक्ति से 3.58 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने खुद को बीमा कंपनी का अधिकारी बताकर पहले विश्वास जीता और फिर किस्त, बोनस और टैक्स के नाम पर अलग-अलग चरणों में रकम हड़प ली। सतेंद्र ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके पास एक बीमा पॉलिसी थी, जिसकी अगली किस्त बाकी थी। 11 अप्रैल को उनके पास एक कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए पॉलिसी बंद होने पर 2.10 लाख रुपये के नुकसान की बात कही। साथ ही भरोसा दिलाया कि यदि एक साल की अतिरिक्त किस्त जमा कर दी जाए तो पूरा पैसा सुरक्षित रहेगा और बोनस भी मिलेगा। ठगों ने लगातार कॉल कर उन पर दबाव बनाया और अलग-अलग बैंक खातों में किस्त के नाम पर करीब 2.05 लाख रुपये जमा करवा लिए। इसके बाद खुद को वरिष्ठ अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने टैक्स के नाम पर 1.53 लाख जमा करवाने को कहा था।

# पराली में चिंगारी 2 साल की सजा

## 26 एकड़ में गेहूं की फसल कटने को तैयार लेकिन उनके लिए बंद हैं मंडियों के दरवाजे

## अब फसल अवशेष जलाने की गलती न करें सरकार नहीं खरीद रही ऐसे किसानों का गेहूं

खरीफ 2025 में जिले के 16 गांवों में हुई थी पराली जलाने की घटनाएं

- घटनाओं की वजह से अब किसानों के सामने खड़ा है फसल बेचने का संकट

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

गांवों में इस समय गेहूं की सुनहरी बालियां खेतों में लहलहा रही हैं, लेकिन कई किसानों के चेहरों पर खुशहाली की जगह चिंता की रेखाएं गहरी हो चुकी हैं। बैंसी गांव के किसान दीपक की कहानी इस पीड़ा का केंद्र बन गई है। 26 एकड़ में तैयार गेहूं की फसल कटने को तैयार है, पर मंडी के दरवाज़े उनके लिए बंद हैं। कारण, उन्हें बायोमीट्रिक गेट पास जारी नहीं किया गया। प्रशासन का कहना है कि खरीफ 2025 में पराली जलाने की घटना उनके नाम दर्ज है, इसलिए अब न केवल इस बार, बल्कि अगले दो वर्षों तक उनकी किसी भी फसल की सरकारी खरीद समर्थन मूल्य पर नहीं होगी। दीपक कहते हैं कि उन्होंने पराली नहीं जलाई, बल्कि पड़ोसी की गलती का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। प्रशासनिक रिकॉर्ड में दर्ज एक एंट्री अब उनकी मेहनत पर भारी पड़ रही है। वे बताते हैं कि रिकॉर्ड ठीक करवाने के लिए उन्हें पंचकूला के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन कब तक समाधान होगा, इसकी कोई स्पष्ट समय सीमा नहीं है। ध्यान रहे कि दीपक सोमवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक कार्यालय गेट पास कैसे मिले, इसका रास्ता कृषि विभाग से तलाशने के लिए आए थे। इस दौरान इन्होंने अपनी व्यथा हरिभूमि से साझा की।



किसान दीपक

यह दर्द अकेले दीपक का नहीं है। निंदाना, पटवापुर, मोखरा खास, बहलंबा, रिठाल फोगाट, बसाना, मोखरा खेड़ी चिड़ी, चांदी, खरैंटी, लाखनमाजरा, बसंतपुर, अटायल, सुनारिया खुर्द और बहुअकबरपुर जैसे कई गांवों के दर्जनों किसान इसी समस्या से जूझ रहे हैं। खरीफ 2025 में पराली जलाने की घटनाओं के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाई थी, एफआईआर दर्ज हुईं, जुर्माने वसूले गए। पर अब उन घटनाओं की छाया वर्तमान पर भी पड़ रही है।

### दोबारा दंडित किया जाना अन्यायपूर्ण

किसानों का कहना है कि एक बार सजा मिल चुकी है, फिर भी दोबारा दंडित किया जाना उन्हें अन्यायपूर्ण लगता है। वे मांग कर रहे हैं कि जिन मामलों में गलती साबित नहीं है या रिकॉर्ड त्रुटिपूर्ण है, उन्हें तत्काल सुधारा जाए ताकि वे अपनी फसल बेच सकें। खेतों में खड़ी फसल हर दिन उन्हें बेचैनी देती है, जैसे समय की रेत मुट्ठी से फिसल रही हो। दूसरी ओर प्रशासन का तर्क है कि पराली जलाना वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है और इसे रोकने के लिए सख्त कदम जरूरी हैं। नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए दंडात्मक प्रावधान लागू किए गए हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां असल दोषी और रिकॉर्ड में दर्ज नाम अलग-अलग हैं।

### यह घटना बाकी किसानों के लिए चेतावनी

इस पूरे घटनाक्रम ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है, क्या पर्यावरण संरक्षण की लड़ाई में कहीं किसान ही सबसे कमजोर कड़ी बनते जा रहे हैं। क्या तकनीकी या प्रशासनिक त्रुटियों की कीमत उन्हें अपनी आजीविका से चुकानी पड़ेगी। फिलहाल दीपक जैसे किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं कि उनकी बात सुनी जाएगी और रिकॉर्ड में सुधार होगा। लेकिन तब तक उनकी मेहनत, उनकी फसल और उनका विश्वास, तीनों अनिश्चितता के धुंधलके में खड़े हैं। यह घटना बाकी किसानों के लिए भी एक चेतावनी है कि फसलों के अवशेष जलाने की गलती न करें, क्योंकि इसकी कीमत सिर्फ जुर्माना नहीं, बल्कि भविष्य की कमाई भी हो सकती है।

### बदलता रहता है वायु प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान

पराली जलाने को लेकर किसानों की भूमिका पर अक्सर सवाल उठते हैं, लेकिन वैज्ञानिक आंकड़े एक संतुलित तस्वीर पेश करते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार वायु प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान पूरे साल समान नहीं रहता, बल्कि मौसम के अनुसार बदलता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल भर के औसत में पराली जलाने का योगदान कुल प्रदूषण में लगभग 5 से 10 प्रतिशत तक रहता है। हालांकि, अक्टूबर-नवंबर के दौरान जब धान की कटाई के बाद बड़े पैमाने पर पराली जलाई जाती है, तब इसका असर काफी बढ़ जाता है और यह हिस्सा 25 से 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। कई बार प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत से अधिक भी दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वायु प्रदूषण के लिए केवल पराली जलाना जिम्मेदार नहीं है। शहरी क्षेत्रों में वाहन उत्सर्जन, औद्योगिक धुआं, निर्माण कार्य की धूल और कचरा जलाना जैसे अन्य कारक सालभर प्रदूषण का बड़ा हिस्सा बने रहते हैं।



- मंडियों में 9 लाख क्विंटल गेहूं को उठान का इंतजार

### 10 से 12 दिन में हो रहा गेहूं बिक्री का भुगतान

रोहतक। सोमवार, 20 अप्रैल को उस गेहूं की लिफ्टिंग शुरू हुई, जिसकी खरीद 14 अप्रैल को की गई थी। इससे साफ जाहिर होता है कि खरीद और उठान के बीच कई दिनों का अंतर बना हुआ है। आमतौर पर एक दिन की खरीद का गेहूं गोदाम तक पहुंचने में 3 से 4 दिन का समय लग जाता है। इसके बाद सरकारी नियमों के अनुसार गेहूं के गोदाम में पहुंचने के 72 घंटे यानी तीन दिन के भीतर किसानों के खातों में भुगतान किया जाता है। इस पूरे गणित को देखें तो किसान को अपनी फसल बेचने के लगभग 10 से 12 दिन बाद भुगतान मिल पाता है।

### तेज हो रही है खरीद की रफ्तार

भले ही जिले की अनाज मंडियों में इन दिनों गेहूं की खरीद तो तेज रफ्तार से हो रही है, लेकिन उठान की प्रक्रिया बेहद धीमी पड़ गई है। हालात ऐसे बन गए हैं कि मंडियों में गेहूं के ढेर लगातार बढ़ते जा रहे हैं और किसानों को उनके भुगतान के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 11,54,443 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है, लेकिन इसमें से केवल 3,22,497 क्विंटल गेहूं का ही उठान हो पाया है। यानी करीब 72 प्रतिशत गेहूं अभी भी मंडियों में पड़ा हुआ है, जबकि महज 28 प्रतिशत ही गोदामों तक पहुंच सका है।

### फसल बेचने के तुरंत बाद होती है पैसे की जरूरत

मौजूदा व्यवस्था में यह देरी किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रही है। किसान सभा के प्रदेश महासचिव सुमित दलाल का कहना है कि फसल बेचने के तुरंत बाद किसानों को पैसों की जरूरत होती है। उन्हें अगली फसल की तैयारी करनी होती है, पुराने कर्ज चुकाने होते हैं और घरेलू खर्च भी इसी पर निर्भर रहते हैं। लेकिन भुगतान में हो रही देरी उनकी आर्थिक योजना को पूरी तरह बिगाड़ रही है। दलाल का सुझाव है कि सरकार को व्यवस्था में बदलाव करते हुए गेहूं बिकते ही कम से कम 50 प्रतिशत भुगतान तुरंत कर देना चाहिए। इससे किसानों को तत्काल राहत मिल सकती है। बाकी का भुगतान गोदाम में गेहूं पहुंचने के बाद 72 घंटे के भीतर किया जा सकता है। उनका कहना है कि वर्तमान नियम किसानों के हित में नहीं हैं और सरकार को इसे व्यावहारिक बनाना चाहिए।



## सांपला नपा चुनाव की तैयारियां शुरू

रोहतक। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने सांपला नगर पालिका के सामान्य चुनाव 2026 को लेकर तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाई जाए। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार 10 मई को मतदान होगा, जबकि 21 से 25 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। डीसी ने पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित व अन्य अधिकारियों के साथ सांपला पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और बैठक लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए पांच टीमें गठित करने, दस्तावेजों की गहन जांच और नामांकन स्थलों पर सीसीटीवी व मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधान पद के लिए नामांकन एसडीएम न्यायालय में और वार्ड सदस्यों के लिए तहसीलदार न्यायालय में जमा होंगे। प्रशासन ने 16 वार्डों के लिए 16 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं, जिनमें तीन को अतिसंवेदनशील और दो को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा और विशेष प्रबंध किए जाएंगे। हेल्प डेस्क, कंट्रोल रूम, बैरिकेडिंग और मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों के लिए रैंप जैसी सुविधाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## आईबी विद्यालय की छात्रा लक्षु ने नेशनल बॉक्सिंग में जीता गोल्ड

रोहतक। आईबी विद्यालय की छात्रा लक्षु ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। लक्षु ने 13 से 19 अप्रैल तक 8वीं यूथ मेन एंड वूमेन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेते हुए स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। यह प्रतियोगिता गुवाहाटी में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लक्षु ने विरोधियों को कड़ी टक्कर दी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



उनकी इस सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, नियमित अभ्यास और प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लक्षु की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल है।आईबी विद्यालय के चेयरमैन अमरजीत दुल, प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह तथा समस्त शिक्षक एवं स्टाफ ने लक्षु को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं, अभिभावकों ने भी इस सफलता पर खुशी जताते हुए बेटी की मेहनत और समर्पण की सराहना की।



## मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

सांपला। हस्सनगढ़ स्थित दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। साथ ही सीबीएसई परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा अक्षय तृतीया के महत्व पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज कुमार शर्मा (क्रिकेट कोच एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार 2016) एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त दिल्ली विजय सिंह (आईपीएस) उपस्थित रहे। प्रसिद्ध इंस्टाग्राम क्रिएटर अमन वोहरा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि राज कुमार शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताते हुए कहा, "सफलता पाने के लिए निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। जो विद्यार्थी मेहनत और धैर्य को अपना साथी बना लेते हैं, वे निश्चित रूप से अपने जीवन में ऊँचाइयों को प्राप्त करते हैं।"

## एमडीएन स्कूल में छात्र परिषद को दिलाई शपथ

रोहतक। एमडीएन पब्लिक स्कूल में एकेडमिक अवार्ड्स एवं इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल सुखबिंदर सिंह, प्रबंधक रेणु नरवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ. अंजली नरवाल तथा प्रधानाचार्य डॉ. आरएस पंवार ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान नवगठित छात्र परिषद को बैज व सैश पहनाकर शपथ दिलाई गई। कृष्णा और अक्षरा को स्कूल कैप्टन, अनस व अनुष्का को वाइस कैप्टन, आदि व स्वीटी को स्पोर्ट्स कैप्टन तथा निशिकेत व सोनिका को स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया।समारोह में कक्षा 3 से 11 तक के मेधावी विद्यार्थियों और कक्षा 10वीं के बोर्ड टॉपर्स को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली हिमाक्षी को 21,000 रुपये, द्वितीय स्थान पर रहे रोनित खोखर को 11,000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मयंक को 5,100 रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। यह पुरस्कार चेयरमैन एडवोकेट जगबीर सिंह नरवाल ने अपनी स्वर्गीय पुत्री उर्मिल राणा की स्मृति में दिए।प्रधानाचार्य डॉ. पंवार ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण व नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए आकर्षक स्कॉलरशिप योजना की घोषणा की गई। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।




## दिल्ली में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों ने जीते पदक

रोहतक। दिल्ली में आयोजित विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में रोहतक रनर्स ग्रुप (आरआरजी) के धावकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। ख़्याल 10 किलोमीटर दौड़ और जगुआर आई पी ए मैराथन में भाग लेते हुए खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और फिटनेस का शानदार परिचय दिया। द्वारका में आयोजित 10 किलोमीटर दौड़ में बिमला बनवाला ने 52 मिनट 57 सेकंड का समय लेकर 50-59 आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। वहीं चंद्रपाल बनवाला ने 45 मिनट 10 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अरविंद पाल दहिया 45 मिनट 21 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रतियोगिता में राजीव भारद्वाज ने 5 किलोमीटर दौड़ 22 मिनट 41 सेकंड में पूरी कर 35-49 आयु वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आरआरजी के अन्य धावक राजेश पायलट, तुलसी लखेड़ा, रमेश हुड्डा, बलराज सिंह तोमर, परवीन कुमार जांगड़ा, अशोक फोर, प्रशांत और विकास राणा का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। वहीं जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित जगुआर आईपीए मैराथन में जितेंद्र गहलावत ने 10.5 किलोमीटर दौड़ 41 मिनट 12 सेकंड में पूरी कर अपने आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया और 5 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। रमेश श्योरान ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 3 हजार रुपये का इनाम हासिल किया। इस दौड़ में सुधीर तेवतिया और सुरेंद्र खत्री का प्रदर्शन भी काबिल-ए-तारीफ रहा। रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिल रही है।




कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी स्पेशल कोचिंग
IIT-JEE | NEET | NDA
6th to 12th Class & Board
ADMISSION OPEN
Get Direct Scholarship For JEE/NEET Courses Based On 10th CBSE Board 2026 Result
DIRECT SCHOLARSHIP

| PERCENTAGE | SCHOLARSHIP |
| --- | --- |
| Above 95% | 100% |
| 85% - 94% | 95% |
| 70% - 84% | 80% |


1 WEEK FREE TRIAL CLASS BEFORE ADMISSION
Day Boarding Classes for 6th to 12th
KOTA CLASSES
144-L Model Town Near CR Polytechnic College, Rohtak M. 97285-44433

कार्यक्रम | बाबा कालीदास धाम परिसर में मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

## 'क्रूर' नहीं, धर्म और न्याय के रक्षक का है भगवान परशुराम का स्वरूप: कालीदास

- अक्षय तृतीया के दिन सांपला में जन्मोत्सव में पहुंचे लोगों ने किया भगवान परशुराम को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

भगवान परशुराम जन्मोत्सव भगवान परशुराम सर्वसमाज सेवा दल की ओर से बाबा कालीदास धाम परिसर में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेंद्र बडखालसा ने दीप प्रज्वलित कर की और कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र कुलताना ने की। जन्मोत्सव में पहुंचे धर्मप्रेमियों को स्वयं बाबा कालीदास ने धर्म रक्षक सम्मान पत्र देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए परमहंस संत बाबा कालीदास ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परशुराम को केवल क्षत्रिय-विनाशक के रूप में प्रस्तुत करना अधूरा और भ्रामक नैरेटिव है, जबकि उनका वास्तविक स्वरूप धर्म और न्याय के रक्षक का है। बाबा कालीदास ने कहा कि शास्त्रों में वर्णित निःक्षत्रियां का अर्थ किसी जाति का विनाश नहीं, बल्कि अन्यायी और अहंकारी शासकों से पृथ्वी को मुक्त करना है। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण के श्लोकों का संदर्भ देते हुए कहा कि परशुराम का संघर्ष जाति से नहीं, बल्कि अधर्म और सत्ता के दुरुपयोग से था। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब शासक वर्ग अपनी जिम्मेदारी भूलकर प्रजा पर अत्याचार करने लगे, तब परशुराम ने सिस्टम सुधार की भूमिका निभाई। यह किसी वंश या समाज के खिलाफ युद्ध नहीं था, बल्कि न्याय की स्थापना के लिए आवश्यक कदम था।




रोहतक। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर मंच पर बाबा कालीदास से धर्म रक्षक सम्मान प्राप्त करते मोहन लाल बड़ौली एवं एमएस बिट्टा। फोटो : हरिभूमि

बाबा कालीदास ने आगे कहा कि यदि परशुराम जातिवादी होते, तो वे भीष्म और द्रोणाचार्य जैसे योद्धाओं को शिक्षा नहीं देते। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि परशुराम ने भगवान राम को अपना धनुष सौंपकर यह स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य धर्म की स्थापना था, न कि सत्ता प्राप्त करना।

उन्होंने कहा कि परशुराम का जीवन त्याग, तपस्या और न्याय का प्रतीक है। उन्होंने पूरी पृथ्वी जीतकर भी उसे अपने लिए नहीं रखा, बल्कि दान कर दिया। यह दर्शाता है कि वे सत्ता नहीं, सिद्धांतों के उपासक थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए बाबा कालीदास ने कहा कि आज के समय में परशुराम के शस्त्र से अधिक उनकी दृष्टि की आवश्यकता है।

## न्यूज डायरी



### भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया मंडी का निरीक्षण

सोमवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने मंडी का दौरा किया। उन्होंने खरीद एजेंसियों व आढ़तियों से मुलाकात कर फसल खरीद, उठान, गेट पास बारदाने से जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एजेंसियों को फसल उठान में तेजी लाने के निर्देश किए। समय पर खरीद व उठान न होने की वजह से किसानों को फसल का पैसा नहीं मिल पा रहा है। मंडी में अब तक करीब पांच लाख 55 हजार किवंटल गेहूं आवक हो चुकी है लेकिन दो लाख 48 हजार किवंटल की खरीद हुई है। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन उदयभान मलिक, वायस चैयरमेन बंसी लाल मक्कड़, राज, अनिल विजय आदि भी साथ थे।



### छात्राओं को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में सोमवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन किया गया। महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. डॉ. वीना सचदेवा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन के मुख्य आकर्षण के रूप में एक छात्र–एक पौधा अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के वनस्पति उद्यान और गर्ल्स हॉस्टल परिसर में 60 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इन पौधों का प्रायोजन यूथ रेड क्रॉस के संयोजक डॉ. सतीश पंघाल द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन वृक्षों पर ही निर्भर है, इसलिए प्रत्येक छात्रा को लगाए गए पौधे के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य वार्डन डॉ. प्रवीण खत्री सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने न केवल परिसर को हरा-भरा बनाने में योगदान दिया, बल्कि छात्राओं में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूती प्रदान की।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ का धरना आज

रोहतक। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पेंशनर मंगलवार सुबह मानसरोवर पार्क में इक्ट्ठा होकर धरना-प्रदर्शन करेगें। इसकी जानकारी देते हुए जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने बताया कि तमाम पदाधिकारियों ने, जिनमें सचिव ओमप्रकाश कादियान, उपप्रधान मास्टर सुनहरा, खेमचन्द, धर्मपाल हुड्डा, कैशियर रणबीर दहिया, सुखबीर जेई, प्रेम घिलोड़िया आदि ने सेवानिवृत कर्मचारियों से शहर के सभी पार्को में भी जाकर सम्पर्क किया तथा जिला की टीम ने पूरा जोर-शोर से प्रचार किया। जिला कमेटी ने पेंशनर से अपील की कि अपने अधिकारों, मांगों को लागू करवाने के लिए कल के कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लें तथा अपनी एकता का सबूत दें ताकि सरकार को एहसास कराया जाए कि उम्र के इस पड़ाव में बुजुर्ग सरकार से दो-दो हाथ करने पर तत्पर है।

### आंदोलनकारी छात्रों पर केस दर्ज करने की निंदा

रोहतक। छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) आंदोलनकारी छात्रों पर हिसार और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में एफआईआर दर्ज करने की निंदा करता है। एआईडीएसओ के प्रदेश सचिव उमेश मौर्य ने कहा कि सरकार के इशारे पर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने एफआईआर करवाई है। सत्ता पक्ष के संगठनों को कोई भी कार्यक्रम करने की खुली छूट होती है और सरकार की नीतियों के विरोधी संगठनों के खिलाफ दमनात्मक कार्यवाही की जाती है। प्रशासन की यह नीति बेहद भेदभावपूर्ण और अलोकतांत्रिक है। यूनिवर्सिटी छात्र गतिविधियों का केंद्र होती है। छात्र गतिविधियों को रोकने की घृणित कार्यवाही पर रोक लगनी चाहिए। एआईडीएसओ मांग करता है कि छात्रों पर की गई एफआईआर वापस ली जाए।



### बीईओ ने ब्लॉक टॉपर को किया सम्मानित

सांपला। क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा के शानदार परिणाम पर खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान ने एसवी इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र नमन को विशेष रूप से सराहा और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यालय के समग्र परिणाम की भी प्रशंसा की, जहां 30 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में बीईओ कार्यालय पहुंचा, जहां अधिकारियों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने खंड शिक्षा विभाग का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्कूल भविष्य में भी बेहतर परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### घिलौड़ में गेहूं की फसल और फाने जले

रोहतक। घिलौड़ गांव के खेतों में सोमवार दोपहर को अचानक लगी आग ने कई किसानों को स्वाह कर दिया। आग की इस घटना में कई एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल और फाने जलकर पूरी तरह राख हो गए। जानकारी के अनुसार, राजेश की करीब छह कनाल, फूल कुमार की साढ़े छह कनाल और प्रमेश की डेढ़ कनाल गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गई। इसके अलावा श्रीभगवान के लगभग पांच कनाल और फूल कुमार के ही करीब दस कनाल फाने भी जलकर नष्ट हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग दोपहर के समय अचानक खेतों में भड़क उठी और तेज हवा के कारण देखते ही देखते आसपास के खेतों में फैल गई। किसानों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि उन पर काबू पाना मुश्किल हो गया। बाद में ग्रामीणों ने फायरबिग्रेड को सूचना दी। दमकमकर्मी मौके पर पहुंचे और किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। किसानों का कहना है कि यह उनकी सालभर की मेहनत थी, जो कुछ ही पलों में जलकर खाक हो गई। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने फसल की कटाई की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन उससे पहले ही आग लग गई। इससे उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार और स्थानीय प्रशासन जल्द से जल्द नुकसान का आकलन कर उन्हें उचित मुआवजा दे, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति को संभाल सकें।



**जाम का जंजाल**

**रेहड़ी पटरी और दुकानों का सड़क तक फैलाव**

**पार्किंग होने के बावजूद सड़क किनारे खड़े वाहन**

# अशोका चौक बना ट्रैफिक का 'ट्रैप' वाहन चालकों की हर रोज परीक्षा

**खास बातें**

- सफेद पट्टी गायब नियमों की अनदेखी से बिगड़ रही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था
- सड़क पर रेहड़ियों का कब्जा, एंबुलेंस तक फंस जाती है जाम में

**1** 100 मीटर का सफर तय करने में 20-30 मिनट तक लग रहे

**2** सड़क किनारे अतिक्रमण से 90 फीट सड़क सिमटकर 40 फीट रह गई


**3** दुकानदार सड़क तक फैलाकर रखते हैं, सामान, नहीं बचती जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरिभूमि न्यूज . रोहतक। शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल अशोका चौक से पुरानी आईटीआई तक का मार्ग इन दिनों गंभीर ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है। सुबह से लेकर देर शाम तक इस रोड पर वाहनों की लंबी कतारें आम हो चुकी हैं, जिससे लोगों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि महज 100 मीटर की दूरी तय करने में भी 20 से 30 मिनट का समय लग रहा है। जाम की मुख्य वजह सड़क किनारे बढ़ता अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग है। पार्किंग की व्यवस्था होने के बावजूद लोग वाहन सड़कों पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई सिमट जाती है और सड़क की चौड़ाई 90 फुट से 40 फुट रह जाती है। इससे यातायात प्रभावित होता है। सफेद पट्टी के मिटने और यातायात नियमों की अनदेखी ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। इससे न केवल आम लोग बल्कि एंबुलेंस और स्कूल बसें भी जाम में फंसने को मजबूर हैं, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

हरिभूमि सरोकार



### सफेद पट्टी खत्म, नियमों की अनदेखी

यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए सड़क किनारे बनाई गई सफेद पट्टी लगभग खत्म हो चुकी है। पहले यह पट्टी यह संकेत देती थी कि कहां तक वाहन खड़े किए जा सकते हैं, लेकिन अब इसके मिट जाने से लोग मनमाने तरीके से वाहन पार्क कर रहे हैं। यातायात पुलिस की मौजूदगी भी कई बार नाकाफी साबित होती है। कुछ समय के लिए पुलिस की सख्ती दिखती है, लेकिन उसके बाद फिर से स्थिति जस की तस हो जाती है। नियमों की अनदेखी और जागरूकता की कमी भी इस समस्या को बढ़ा रही है।

### ये हो सकता है समाधान

- सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अभियान
- नो-पार्किंग जोन में सख्त चालान और वाहन टोइंग
- सड़क पर सफेद पट्टी और स्पष्ट रोड मार्किंग दोबारा बनाना
- निर्धारित पार्किंग स्थलों का अनिवार्य उपयोग
- पीक टाइम में ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती
- जरूरत अनुसार वन-वे ट्रैफिक या डायवर्जन लागू करना
- स्कूल बस और भारी वाहनों के लिए अलग समय तय करना
- सीसीटीवी के जरिए निगरानी और ई-चालान व्यवस्था लागू करना
- दुकानदारों और राहगीरों के लिए जागरूकता अभियान चलाना

### सड़क पर कब्जा, यातायात ठप

अशोका चौक से लेकर पुरानी आईटीआई तक का पूरा मार्ग दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों के अतिक्रमण की चपेट में है। कई जगह दुकानदारों ने अपने सामान को सड़क तक फैला रखा है, जिससे वाहन चालकों को निकलने के लिए बेहद कम जगह बचती है। इसके अलावा, सड़क किनारे खड़े वाहन जाम को और बढ़ा देते हैं। स्थिति यह है कि दोपहिया वाहन चालक किसी तरह निकल जाते हैं, लेकिन कार और बड़े वाहन फंस जाते हैं, जिससे पीछे लंबी कतार लग जाती है। स्कूल बसों और एंबुलेंस को भी इस जाम में फंसना पड़ता है, जिससे कई बार आपात स्थिति में भी परेशानी खड़ी हो जाती है।

### राहगीरों में प्रशासन के प्रति नाराजगी

इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाले लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर से पहले जैसी हो जाती है।

### प्रशासन की भूमिका अहम

अगर प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं, तो इस मार्ग पर जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अभियान चलाना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि दोबारा कोई अवैध कब्जा न हो।

**खैरड़ी में आंबेडकर प्रतिमा तोड़ने का मामला**

## 12 दिन से धरने पर ग्रामीण न्याय की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कलानौर ब्लॉक के गांव खैरड़ी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने के बाद मामला थमता नजर नहीं आ रहा। 12 दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। हालात यह हैं कि नई प्रतिमा गांव में पहुंचकर अपने स्थान पर रखी तो जा चुकी है, लेकिन उसका अनावरण अब तक नहीं हो पाया है। घटना 8 अप्रैल की रात की है, जब कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने सद्भावना स्थल पर लगी बाबा साहेब की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया। सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया, जिसे संभालने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस घटना से आहत ग्रामीणों ने इस बार बाबा साहेब की जयंती भी नहीं मनाई और न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। पिछले 12 दिनों से लगातार चल रहे इस धरने ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

### प्रतिमा का अनावरण नहीं होने दिया जाएगा

प्रशासन ने स्थिति को सामान्य करने के लिए नई प्रतिमा मंगवाकर सद्भावना स्थल पर रखवा दी, लेकिन ग्रामीणों ने साफ कर दिया कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके सामने पेश नहीं किया जाएगा, तब तक प्रतिमा का अनावरण नहीं होने दिया जाएगा।

### समाज के सम्मान से जुड़ा मुद्दा

धरने का नेतृत्व कर रहे गुरु रविदास सभा के प्रधान प्रदीप कुमार का कहना है कि यह केवल प्रतिमा का मामला नहीं, बल्कि समाज के सम्मान से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत ने प्रशासन के दबाव में प्रतिमा लगाने की कोशिश की, जिसे समाज ने अस्वीकार कर दिया।

### असामाजिक तत्व माहौल खराब करने के प्रयास में

ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी है कि कुछ असामाजिक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे एकजुट होकर ऐसे प्रयासों को नाकाम करेंगे। उधर, पुलिस प्रशासन का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई हैं।

**न्यूज डायरी**




### वायु प्रदूषण को लेकर कार्य योजना के लिए रिपोर्ट जल्द दें अधिकारी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय स्तर पर वायु गुणवत्ता सुधार योजनाओं की निगरानी हो रही है, ऐसे में राज्य स्तर की दीर्घकालिक कार्य योजना के लिए सभी अधिकारी शीघ्र अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने बताया कि आगामी 50 वर्षों को ध्यान में रखते हुए व्यापक राज्य कार्य योजना तैयार की जा रही है। शहर में पहले से 250 सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं, जबकि 132 और कैमरे लगाने का प्रस्ताव है, जिससे निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। डीसी ने वन विभाग को एचएसवीपी की सभी ग्रीन बेल्ट में बड़े स्तर पर पौधारोपण की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं नगर निगम को निर्माण और तोड़फोड़ से निकलने वाले मलबे के उचित निपटान की जिम्मेदारी सौंपी गई। सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह धूल प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त ने औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी बढ़ाने और कृषि विभाग को फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। शहर में स्थापित एयर प्यूरीफिकेशन टावर के साथ दो और टावर लगाने की योजना पर भी काम जारी है।

### अग्रवाल वैश्य समाज की जिलाध्यक्ष बनीं बृजबाला



**रोहतक।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के रोहतक महिला जिलाध्यक्ष पद पर बृजबाला गुप्ता को नियुक्त किया गया है। बृजबाला गुप्ता ने अपनी नियुक्ति पर हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला और महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सराफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह इसे पूरा करेंगे। डॉ. निधि मित्तल ने महासचिव के पद पर नियुक्ति मिलने के बाद कहा कि वो भी वैश्य समाज के हित के लिए कार्य करेंगी। कोमल जैन ने कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी स्वीकारते हुए अशोक बुवानीवाला का आभार जताया।

### पुलिस की तत्परता से 6 वर्षीय बच्ची सकुशल बरामद, परिजनों से मिलाया

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी क्षेत्र में गुमशुदा हुई 6 वर्षीय बच्ची को रोहतक पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस की इस तत्परता और संवेदनशीलता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के अनुसार, शिवाजी कॉलोनी निवासी दंपति ने 20 अप्रैल की सुबह करीब 8 बजे अपनी बेटी के अचानक घर से लापता होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और बच्ची की तलाश के लिए तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन के साथ-साथ संभावित स्थानों पर जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक बच्ची रेलवे स्टेशन क्षेत्र में देखी गई है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और रोहतक रेलवे स्टेशन से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। बाद में बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, जिसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली। परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो कोई भी अनहोनी हो सकती थी।



## पीएनबी रिटेल आउटरीच में 50 ग्राहकों को मिले स्वीकृति पत्र

**रोहतक।** पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय में सोमवार को रिटेल आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उद्योगपति जगमोहन मित्तल मुख्य अतिथि रहे। उप महाप्रबंधक कृष्ण पाल सिन्हा और मंडल प्रमुख आरजू परवीन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम में बैंक की रिटेल सेवाओं और योजनाओं की जानकारी ग्राहकों को विस्तार से दी गई। मुख्य अतिथि मित्तल ने बैंक के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए सेवाओं की सराहना की और सुधार के सुझाव भी दिए। कृष्ण पाल सिन्हा ने कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 50 ग्राहकों को मौके पर ही ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा। आरजू परवीन ने सभी अतिथियों व ग्राहकों का आभार जताया और बेहतर सेवा देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## पुलिस अधिकारियों ने सीखे दंगा नियंत्रण के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस लाइन में सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी थाना प्रभारियों, पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया। इस परेड में जिला रोहतक के विभिन्न थाना-चौकियों, पुलिस कार्यालयों और अन्य इकाइयों में तैनात पुलिस कर्मियों की उपस्थिति रही। परेड का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को अनुशासन, समन्वय और आपात परिस्थितियों के लिए तैयार रखना था। इस दौरान जवानों को कानून-व्यवस्था की विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास के दौरान दंगा नियंत्रण (रायट कंट्रोल) से संबंधित उपकरणों के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। पुलिस कर्मियों को हेलमेट, शील्ड, लाठी और अन्य सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग का अभ्यास कराया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकें। अधिकारियों ने जवानों को निर्देश दिए कि वे हर समय सतर्क रहें और किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहें। परेड के माध्यम से टीम वर्क और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को भी मजबूत किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस बल हर समय तैयार और सक्षम है।



**रोहतक।** परेड में विभिन्न थाना-चौकियों, पुलिस कार्यालयों और अन्य इकाइयों में तैनात पुलिस कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### 22 अप्रैल को लगेगा रोजगार मेला

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि 22 अप्रैल को प्रातः 10 बजे लघु सचिवालय के हॉल नंबर 301 में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है। इस रोजगार मेले में 3-4 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जो विभिन्न ट्रेड्स और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। 12वीं पास, डिप्लोमा धारक, स्नातक, स्नातकोत्तर तथा आईटीआई और पोलिटेक्निक के विद्यार्थी इसमें भाग ले सकते हैं। फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिकल, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट सहित कई क्षेत्रों में रिक्तियां उपलब्ध रहेंगी। उपायुक्त ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी hrex.gov.in पर पंजीकरण अवश्य करें, ताकि उन्हें भविष्य के रोजगार अवसरों की जानकारी भी समय पर मिल सके।

### जीएसटी की साइट आखिरी तारीख को हुई बंद

**रोहतक।** जीएसटी आर 3बी फाइल करने की सोमवार को अंतिम तिथि थी। जिसकी रिटर्न मासिक जाती है। लेकिन सुबह से ही जीएसटी की साइट बंद होती रही। जब जीएसटी हेल्पलाइन पर बात करने की कोशिश की गई तो वो कुछ संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। गौरतलब है कि जीएसटी को लागू हुए 9 साल से ज्यादा समय हो गया, परंतु अभी तक जीएसटी विभाग द्वारा जीएसटी की साइट की तकनीकी समस्या को ठीक नहीं किया गया है जबकि हर माह जीएसटी की साइट लास्ट डेट को रूक जाती है। इससे व्यापारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एडवोकेट अशोक जांगड़ा, अजय जांगड़ा, दीपक जांगड़ा, रमेश शर्मा, दिनेश गोस्वामी व गौरव जुनेजा ने बताया कि जीएसटी की साइट में लॉगिन में समस्याएं आ रही हैं। रिटर्न डैशबोर्ड दिखाई नहीं दे रहा है। रिटर्न का डाटा सेव नहीं हो रहा है। चालान का क्रेडिट दिखाई नहीं दे रहा चाहे उसका भुगतान नेट बैंकिंग के जरिए किया गया हो।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**राजकीय महाविद्यालय जसिया में मनाया वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं दीक्षांत समारोह**

**विद्यार्थियों को उनकी डिग्रियां बांटी**

## शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, एक जिम्मेदार नागरिक बनाना : पूनम भनवाला



**रोहतक।** वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्या पूनम भनवाला, सेवानिवृत्त प्राचार्या सविता प्रुथी व प्राचार्या डॉ. सुदेश लाठर। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय महाविद्यालय जसिया में सोमवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं दीक्षांत समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्या पूनम भनवाला ने शिरकत की, जबकि सेवानिवृत्त प्राचार्या सविता प्रुथी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुदेश लाठर द्वारा की गई। पूनम भनवाला ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनना है। उन्होंने जीवन में अनुशासन, समय प्रबंधन और नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया।

### दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ

*समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राचार्या डॉ. सुदेश लाठर ने कॉलेज का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों ने न केवल विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, बल्कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भी अपनी चमक बिखेरी है।*

### नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र से नवाजा

*समारोह के दौरान कला एवं वाणिज्य संकाय के मेधावी छात्रों को नकद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एनएसएस, खेल-कूद और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में कॉलेज का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य भाग में स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनकी डिग्रियां प्रदान की गईं, जिसे पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।*